ए०डी०आर० सेन्टर/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में तृतीय श्रेणी(कनिष्ठ लिपिक) रिक्त दो पदों के लिए संविदा के आधार पर भर्ती हेतु आज दिनांक 13.08.2024 को चयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

आज दिनांक 13.08.2024 की सायं 04:30 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी में लिपिकगण की नियुक्ति हेतु चयन समिति की बैठक आहूत की गयी जिसमें सदस्य श्री विजय कुमार विश्वकर्मा अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी व सदस्य श्री अश्वनी कुमार-I, विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, वाराणसी उपस्थित रहे।

माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक 688/सात-न्याय-7-2012-11/2011 दिनांकित 03.09.2012 द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ए०डी०आर० सेन्टर वाराणसी में रिक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारी(कनिष्ठ लिपिक) के पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति किया जाना है। उपरोक्त रिक्त दो पदों हेतु दिनांक 27.05.2024 को विज्ञप्ति जारी की गयी थी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी की आख्या के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय को उपरोक्त रिक्त दो पदों हेतु कुल 38 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

पिछली चयन समिति की बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी को कुल 38 आवेदन पत्रों को विज्ञप्ति में दी गयी अनिवार्य शर्तों के अनुसार जाँच किये जाने का निर्णय लिया गया था।

आज चयन समिति की बैठक में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी को प्राप्त कुल 38 आवेदन पत्रों को रखा गया। चयन समिति द्वारा उक्त 38 आवेदन पत्रों की जाँच विज्ञप्ति में दी गयी अनिवार्य शर्तो के अनुसार किया गया। समिति द्वारा उपरोक्त आवेदन पत्रों की जाँच के उपरांत यह पाया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी को प्राप्त कुल 38 आवेदन पत्रों में से 08 आवेदन पत्र विज्ञप्ति में दी गयी अनिवार्य शर्तो के अनुरूप प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है। जिनका विवरण पृथक से संलग्न है।

इस प्रकार चयन समिति द्वारा उपरोक्त लिपिक पद हेतु प्राप्त कुल 38 आवेदन पत्रों में से 27 आवेदन पत्रों को विज्ञप्ति में दी गयी अनिवार्य शर्तो के अनुरूप पाया गया तथा 03 आवेदन पत्रों को प्राविधिक रूप से स्वीकृत किया गया। चयन समिति द्वारा 08 आवेदन पत्रों को विज्ञप्ति में दी गयी अनिवार्य शर्तों को पूर्ण न करने के कारण अमान्य घोषित किया गया।

विज्ञप्ति दिनांक 27.05.2024 में निर्धारित चयन प्रक्रिया के अनुसार शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त आवदेकगण का चयन लिखित परीक्षा, टंकण परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाना है। तदानुसार निर्णय लिया गया कि लिखित परीक्षा 100 अंक की(अवधि 02 घण्टे), टंकण परीक्षा 80 अंक(हिंदी-40 अंक तथा अंग्रेजी-40 अंक) की(अवधि 10 मिनट) तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा। टंकण परीक्षा में क्रुति देव (Kruti Dev-10) फॉण्ट के साथ-साथ मंगल के इनस्क्रिप्ट फॉण्ट का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।

चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 29.08.2024 को दोपहर 12:00 बजे लिखित एवं टंकण परीक्षा व साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गयी। परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि व समय की सूचना विज्ञप्ति द्वारा समाचार पत्र में प्रकाशित की जाये तथा जनपद न्यायालय वाराणसी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी की वेबसाइट पर उपलोड की जाये। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी उपरोक्त मान्य पाये गये आवेदन पत्रों के आवेदकों(30 आवेदक) को उक्त परीक्षा/साक्षात्कार के संबंध में मो० नं० पर भी सूचित करना सुनिश्चित करें।

13/8/24

(श्री अश्वनी कुमार-I)
सदस्य समिति/
विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
वाराणसी।

13/8/2024

(श्री विजय कुमार विश्वकर्मा)
सदस्य समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी।

(श्री संजीव पाण्डेय)
अध्यक्ष समिति/ 13/8/2024
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी।